कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 18/08/2025

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के पश्चात डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशन में खिलाड़ियों, राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मार्च-पास्ट किया और सलामी दी। मार्च-पास्ट की अगुवाई कु. निशा ने ड्रम से, सोनम ने कमांड किया। चंचल, मुस्कान ने साथ दिया। जागृति ठाकुर ने राष्ट्रीय गान में ड्रम बजाया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा की अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाना राष्ट के प्रति सच्ची निष्ठा है, हमें अपना कार्य जिम्मेदारी पूर्वक देश के प्रति समर्पित होकर करनी चाहिये।

इस अवसर पर डॉ. मिलिंद अमृतफले के नेतृत्व में सगीत विभाग की छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाये। नृत्य विभाग की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य किया। महाविद्यालय की एम.ए. हिंदी साहित्य की छात्रा कविता ने भाषण प्रस्तुत किया। ट्विंकल साहू ने आजादी पर कविता पढ़ी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिंद अमृतफले ने किया तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। डॉ. अनिल जैन, डॉ. सुषमा यादव, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय चन्द्राकर, रामदास, ओम ध्रुव, बल्ला वैष्णव, विमल यादव ने योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की रेडक्रॉस, एक्वाक्लब एवं ग्रीन आर्मी की छात्रायें उपस्थित थी।

**डॉ. रंजना श्रीवास्तव**
**प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

<u>शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)</u>



